भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
राज्य सभा

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या: 1814</u>

<u>शुक्रवार, 04 अगस्त, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

12 **देशों पर ध्यान केंद्रित कर व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने की योजना**

1814. **श्री कार्तिकेय शर्माः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 12 देशों के संदर्भ में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहचाने गए विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों के नाम क्या हैं और उनके विकास में सहायता करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ख) जिन 12 देशों को इस कार्रवाई के लिए प्राथमिकता दी गई है उनकी पहचान करने के लिए अपनाए जाने वाले मानदंड क्या हैं;

(ग) पहचान किए गए देशों से विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या व्यापार संबंधों को बढ़ाने के लिए इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने की कोई योजना है; और

(ङ) इन देशों के साथ व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू उद्योगों और व्यवसायों को क्या-क्या सहायता या प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) से (ङ): वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) तथा बहुपक्षीय और द्विपक्षीय वाणिज्यिक संबंधों के संदर्भ में नीति निर्धारण, कार्यान्वयन तथा मॉनीटरिंग करने के साथ-साथ निर्यात संवर्धन, व्यापार संबंधी सुविधाएं प्रदान करने इत्यादि का कार्य सौंपा गया है। मंत्रालय नई और आगामी प्रौद्योगिकी में निवेश की सुविधा, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तेजी लाने तथा उद्योग और व्यापार के संतुलित विकास में सहायता करके देश के औद्योगिक विकास को भी प्रोत्साहित करता है।

देश में व्यापार और निवेश में वृद्धि तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रालय ने संबंधित हितधारकों अर्थात उद्योग मंडलों, निर्यात संवर्धन परिषदों, इन्वेस्ट इंडिया आदि के साथ विचार-विमर्श किया है। इस कार्यनीति के अंतर्गत देश के एफडीआई संकेतों, रिलोकेशन संकेतों, विविधीकरण रणनीति आदि से संबंधित आंकड़े शामिल हैं। इनके आधार पर मंत्रालय द्वारा प्राथमिकता वाले विभिन्न देशों को चिन्हित किया जाता है तथा इनकी प्राथमिकता तय की जाती है। संबंधित क्षेत्र/प्रदेश में भागीदारी के दृष्टिकोण से प्रमुख व्यापार आयोजनों/मेलों/रोड शो की भी पहचान की गई है।

*****